आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता संगठन के वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सहकारिता मंत्रालय में सचिव डॉ आशीष कुमार भूटानी ने आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहली बार वैश्विक सहकारिता सम्मेलन और महासभा भारत में आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे। छह दिन के इस सम्मेलन की थीम है सहकारिता से सबके लिए समृद्धि।

जगत सिंह नेगी

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश के प्रमुख स्थानों पर बनाए गए राज्य पर्यटन विकास निगम के होटलों को पूर्व भाजपा सरकार ने कम दामों पर लीज पर दे दिया जिससे प्रदेश को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निगम के 18 होटल को उच्च न्यायालय ने बंद करने के आदेश दिए हैं जिन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस मामले में कानूनी सहायता ली जा रही है और इन होटलों में ज्यादातर प्राईम लोकेशन पर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता हिमाचल को आर्थिक रूप से कंगाल देखना चाहते हैं। जगत सिंह नेगी ने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को गिराने के षड़यंत्र रच रही है जो कभी सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश से सभी भाजपा के सांसद हैं बावजूद इसके केंद्र ने हिमाचल को आर्थिक सहायता देना बंद कर दी है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ने हिमाचल प्रदेश को पूरे देश में बदनाम कर दिया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और विकास पूरी तरह से बंद हो गया है। बिंदल ने कहा कि हिमाचल का प्राईड कहा जाने वाला दिल्ली स्थित हिमाचल भवन नीलामी के कगार पर पहुंच गया है और केवल दो साल में प्रदेश की आर्थिक स्थिति को बुरी तरह बिगाड़ दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने अपनी कुर्सी बचाने और पार्टी के अंदर जो गुटबाजी चल रही है उसमें संतुलन बनाने के लिए गैर कानूनी तौर पर

अपने चहेतों को कैबिनेट रैंक देकर प्रदेश की आर्थिक स्थिति को बदहाल करने का काम किया है।

हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज सिरमौर जिला के शिलाई में जनसमस्याएं सुनी और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थित में अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटारा किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय उच्च मार्ग सात सौ सात के निर्माण कार्य के दौरान प्राकृतिक जल स्रोतों और सिंचाई व पेयजल योजना के नुकसान को जल्द ठीक करने के निर्देश दिए। हर्षवर्धन चौहान ने क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडलों द्वारा उठाई गई विभिन्न मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला से वर्चअल माध्यम से विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न जिलों में चल रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विभिन्न कार्यों के लिए आवंटित किए गए बजट को समयबद्ध खर्च करने के निर्देश दिए ताकि अतिरिक्त बजट की जरूरत होने पर सरकार के ध्यान में मामला लाया जा सके। विक्रमादित्य सिंह ने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट का विवरण दो दिन के भीतर अपडेट करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रशासनिक अनुमति व बिना बजट प्रावधान के कोई भी निर्माण कार्य न किया जाए। उन्होंने निविदा प्रकृति में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

गोमा

आयुष मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा  है कि प्रदेश में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए 3 हजार 4 सौ 15 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। वे आज जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की भरवाना पंचायत के खुरड़पट्ट में 35 लाख से निर्मित स्वास्थ्य भवन के लोकार्पण के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यादविंदर गोमा ने कहा कि प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में एक स्वास्थ्य संस्थान को आदर्श बनाया जा रहा है और इनमें उपकरणों व मशीनों की खरीद के लिए एक–एक करोड़ रूपए उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन का राज चल रहा है और मुख्यमंत्री व उनकी मित्र मंडली ने प्रदेश को 50 वर्ष पीछे धकेल दिया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में राज्य पर्यटन विकास निगम सभी

18 होटल हिमाचल की धरोहर हैं और कांग्रेस सरकार की लापरवाही व कुप्रबंधन के कारण इनकी कुर्की की नौबत आ गई है। सुरेश कश्यप ने कहा कि सुक्खू सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश कर्ज में डूब गया है और हर जगह अराजकता का माहौल है।

युवा महोत्सव

राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 अगले वर्ष 12 से 16 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। युवा मामले व खेल मंत्रालय इस वर्ष ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है जिसमें चार चरण होंगे। नेहरू युवा केंद्र संगठन हिमाचल की राज्य निदेशक ईरा प्रभात ने बताया कि

---